तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 डाइट में शुरू हुई डीएलएड की वार्षिक परीक्षाएं





11 भीड़ से यात्रियों को बचाने आरपीएफ ने उठाया बीड़ा...




## खबर संक्षेप



### देवकर पुलिस ने जुआं अड्डे पर मारा छापा

**बेमेतरा।** देवकर पुलिस ने जुआं खेलते 5 जुआरियों जहां गिरफ्तार किया, वहीं 11 हजार 650 रुपए रुपए जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआं एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कारवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि चौकी देवकर क्षेत्रांतर्गत डीहपारा तालाब पार स्थित खेत किनारे रुपए पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआं खेलने की सूचना मिली, जहां देवकर पुलिस टीम मौके पर पहुंच रेड मारा। कार्रवाई के दौरान कुछ लोग पुलिस को देख भाग निकले, वहीं मौके पर जुआरी पकड़े गये। जुआं खेलते पकड़े गए महेश साहू 32 साल, राकेश श्रीवास 29 साल, रिंकु सिन्हा 21 साल, राजू साहू 23 साल, मनीष साहू 30 साल निवासी देवकर डीहपारा के पास से नकद रकम सहित तास पत्ती बरामद कर जुआं एक्ट के तहत मामला कायम किया गया।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**बेमेतरा।** विकासखंड साजा के ग्राम देउरगांव निवासी भगत पटेल पिता मीना पटेल उम्र 55 साल ने अपने घर में जहर का सेवन कर लिया। जानकारी मिलने पर परिवार वाले उपचार के लिए रायपुर ले जा रहे थे, उसी दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के शव का सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार साजा थाना क्षेत्र के ग्राम देउरगांव में सोमवार को अपने घर में भगत पटेल उम्र 55 साल ने जहर का सेवन कर लिया था। जहर खाने के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए परिवार वालों ने उसे उपचार के लिए साजा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डाक्टर ने अधेड़ की गंभीर हालत का देखते हुए बेमेतरा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भगत पटेल को उचित उपचार के लिए मेडिकल कालेज रायपुर रेफर किया गया। रायपुर रवाना होने के बाद रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक के शव को लेकर परिजन जिला अस्पताल वापस आए, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने प्रार्थी डाकवर पटेल की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सुहानी इंडियन ग्रेटेस्ट टैलेंट शो, कल होगा प्रसारण





**अर्जुंदा।** नगर की बेटी सुहानी साहू पिता डॉ ललित साहू व माता डॉ कविता साहू संगीत के माध्यम से अपने राज्य के साथ दूसरे राज्यों में भी नगर अर्जुंदा का नाम रौशन कर रही हैं। सुहानी एक बार फिर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए 17 मई से प्रारंभ होने वाली इंडियन ग्रेटेस्ट टैलेंट शो में भाग लेंगी। इसका प्रसारण 11.59 मिनट पर टीवी में होगा। उनके माता-पिता ने सभी से इस कार्यक्रम का प्रसारण देखने और बिटिया का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# छात्रावास में दूर-दूर से पढ़ने आते हैं बच्चे, उन्हें घर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएं : शर्मा

## कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षकों की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट स्थित दृष्टि सभाकक्ष में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के छात्रावास अधीक्षकों की बैठक ली। कलेक्टर ने एक-एक कर छात्रावास व आश्रमों के अधीक्षकों से छात्रावास एवं आश्रम के संचालन, उपलब्ध सुविधा, संसाधन, एवं कमियों की गहन समीक्षा करते हुये समस्त छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरा, भोजन व्यवस्था, शिक्षक व विद्यार्थियों की संख्या, शौचालय, पेयजल, साफ सफाई, बच्चों की साफ सफाई आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी असिस्टेंट कमिशनर ट्राइबल राधे श्याम टंडन सहित जिले के समस्त छात्रावास अधीक्षक उपस्थित थे।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि छात्रावास में दूर-दराज के विद्यार्थी पढ़ने आते हैं। शासन द्वारा उन्हें तमाम सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं, इसलिए आप सभी का कर्तव्य है कि सभी बच्चों को अपने घर के बच्चों की तरह रखें, उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध कराएं। छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने से व्यक्तित्व और एक दूसरे में सहयोग की भावना का विकास होता है। उन्होंने समस्त अधीक्षकों को समय सीमा एक सप्ताह के भीतर हॉस्टल की शौचालय, छत मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने हॉस्टल में गार्डनिंग कर अलग अलग ▶▶| शेष पेज 11 पर



### बालिका सुरक्षा को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

कलेक्टर ने कहा कि बालिका सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा मुहैया कराएं। संदिग्ध गतिविधियां कोई अनजान व्यक्ति छात्रावास एवं आश्रम परिसर में प्रवेश न कर सके, इसके लिए समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। पारिवारिक और सामाजिक वातावरण निर्मित करते हुए व्यवहारिक आचरण का माहौल बनाकर बच्चों को अपने घर जैसे माहौल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को गुड टच, बेड टच की जानकारी दें, जिससे बच्चें अपना सुरक्षा कर सके। अंत में कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षकों को नियमित मानिटरिंग और बेहतर तरीके से संचालित करने को कहा और कहा की किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही करने पर दण्डात्मक कार्रवाई करने के शख्त निर्देश दिए।

## हादसा : सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैसा भंसूली में हुई हृदय विदारक घटना

# नहाने के दौरान गहरे पानी में पहुंचे दो मासूम, डूबने से दोनों भाइयों की मौत

**खास बातें**

- ममेरे भाइयों को डूबता देख साथ में गई बालिका ने आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाया
- दोनों बच्चों को लोगों ने तत्काल तालाब से बाहर निकालकर पहुंचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के समीप ग्राम एवं सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैसा भंसूली में दो मासूम ममेरे भाइयों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। दोनों अपनी बहन के साथ गांव के तालाब में नहाने गए थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। दोनों मासूमों की मौत से गांव में जहां मातम छा गया, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक हरिशंकर पिता देव शरण वर्मा उम्र तकरीबन 11 साल और खिलेश्वर वर्मा पिता टिका राम वर्मा उम्र 9 साल दोनों ममेरा भाई थे। दोनों बालक और एक बालिका तीनों सुबह खेलते-खेलते भंसूली गांव नहाने के लिए गए थे।

- जिला अस्पताल पहुंचने से पहले हो चुकी थी बच्चों की मौत

दोनों भाई तालाब में उतरने के बाद अंदर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। दोनों को डूबता देख, तालाब के पार में मौजूद उसकी बहन ने चीख-पुकार करते हुए आस-पास मौजूद लोगों को बुलाया। उसके बाद लोगों ने दोनों बालकों को बचाने के लिए तालाब में छलांग लगा दी और बच्चों को पानी से बाहर निकाला। इस दौरान दोनों बालक पूरी तरह बेहोश हो गए। उन्हें तत्काल मोटर सायकल से ही सीधे उपचार के लिए बेमेतरा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन, तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने दोनों बालकों को मृत घोषित कर दिया। दोनों बालकों के शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। उनका अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में किया गया। मामले में कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पुत्र घायल

**बेमेतरा।** नेशनल हाईवे पर कार की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 304 अ के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। महिला के शव का जिला अस्पताल में पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंपा दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार की है। अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठकर खंडसरा जा रही रामबाई साहू व संतोष साहू की बाइक को बहेरा मोड़ के पास कवर्धा की ओर से आ रहे कार चालक ने ठोकर मार दी। इससे दोनों बाइक सहित सड़क पर गिर गए। गिरने से रामबाई साहू के सिर पर गंभीर चोट आई, वहीं संतोष के पैर में गंभीर चोट आई। दोनों को उपचार के लिए 108 वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल संतोष को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका के पति रिखी राम साहू का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था, जिसे सोमवार को रिलीव किया गया था। सभी दो अलग-अलग वाहन से खंडसरा जा रहे थे, इसी दौरान वे सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। पुलिस ने प्रार्थी दुकल्हा साहू की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ 304 अ व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



# जलकुंभी से पटी खारून पड़ सकता है सेहत पर असर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा-रायपुर को विभाजित करने वाली अंचल की लाइफलाइन खारुन नदी इन दिनों गर्मी के सीजन में नदी पानी के बजाए जलकुंभी से पट गई है। इसके कारण नदी का पानी जहां गंदा हो गया है, वहीं स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो गया है। किंतु, प्रशासन द्वारा खारुन नदी की साफ सफाई की दिशा में अभी तक कोई खास प्रयास नहीं किया गया है, जो कि चिंताजनक है। दरअसल इस क्षेत्र में खारुन नदी के पार राजधानी रायपुर क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में उद्योग व कारखाने संचालित हैं, जिनमें दर्जनों फैक्टरियां खारुन नदी के किनारे पर स्थित हैं। उनका कूड़ा कचरा व अवशेष गन्दे पानी के रूप नालों के सहारे नदी में बहा दिया जाता है, जो कि काफी खतरनाक व जहरीला होता है। क्षेत्र के आमजनों का कहना है कि कम्पनियों का दूषित पानी नदी में मिलाने से मछलियां व अन्य जलीय जीव मर जाते हैं, जबकि प्राकृतिक शैवाल भी नदी से गायब हो जाते हैं। लिहाजा आम जनमानस में पानी की उपयोगिता को लेकर दहशत भी व्याप्त है। चूँकि यह गतिविधियां दशकों से जारी हैं इसलिए इस संबंध में क्षेत्र में कोई आवाज नहीं उठा पाता है। इसके कारण हर साल गर्मी के मौसम में नदी पर जलकुम्भी उग आते हैं, जो जलस्तर को घटाने के साथ ही आमजनों की सेहत पर भारी पड़ता है।

- नदी किनारे स्थित कारखानों के अवशेष के कारण भी प्रदूषित हो रही नदी

# शिक्षित परिवार में हो रहा था नाबालिग का विवाह, अधिकारियों ने रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा के आदेश दिए जिले में बाल विवाह मुक्त करने संयुक्त टीम जिले में लगातार कार्रवाई कर रही है। बीते दिवस चाइल्ड हेल्पलाईन नं. 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को विकासखण्ड नवागढ़ के एक ग्राम में एक बालिका जिसकी उम्र महज 14 वर्ष 7 माह की है, उक्त बालिका के बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हुई थी। जानकारी के आधार पर बाल विवाह की रोकथाम की कार्यवाही की गयी।

उक्त ग्राम में एक बालिका का मामा के घर से बाल विवाह होने जा रहा था। बाल विवाह किये जाने की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर बाल विवाह रुकवाया गया। उक्त बालिका की बारात जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के एक ग्राम से आने वाली थी। सूचना के पश्चात टीम द्वारा बालिका के परिजनों के समक्ष कार्यवाही की। बालिका के परिजनों के द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह करने के लिए अपनी सहमति प्रदान करते हुए विवाह स्थगित करने की बात कही गई। युवक के परिजनों ने कहा कि हमें यह पता नहीं था कि वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है।

उक्त गठित टीम में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक लक्ष्मी भारती, संरक्षण अधिकारी (संस्थागत) राजलक्ष्मी सोनी, परियोजना समन्वयक राजेन्द्र प्रसाद चन्द्रवंशी, परामर्शदाता शाईस्ता परवीन, प्रधान आरक्षक अशोक तिर्की, आरक्षक भोलाराम साहू, आ.बा. कार्यकर्ता रागिनी बंजारे एवं ग्राम कोटवार खेमालूदास जांगडे के द्वारा समझाईस दिये जाने पर वधू पक्ष द्वारा उक्त बालिका की विवाह वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत विवाह किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया गया। संयुक्त टीम द्वारा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है. बाल विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। जो व्यक्ति ऐसा करता या कराता है या विवाह में सहयोग प्रदान करता है, तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रु. तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह के दुष्परिणामः बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह से बच्चों के अच्छे पोषण और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में भी शिक्षा के अधिकारों का हनन होता है। बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पडता है।


# पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

## पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **25 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है। **5.** छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
6. **जो विद्यार्थी सत्र 2023-24 में 12वीं पास हुए है वह अपना आवेदन 12वीं के ऑनलाईन मार्कशीट लगाकर कर सकते है।**
7. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं। कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-10.06.2024 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-15.06.2024 तक।**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,

.................. (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .................. 2. पिता / पति ..................
3. जन्म तिथि अंकों में .................. 4. वर्गः - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................. पोस्ट .................. तहसील ..................
थाना .................. जिला .................. पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................. मो. नं. 2 .................. वाट्सअप नं. ..................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर



## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


# बेहतर तरीके से करें योजनाओं का क्रियान्वयन

- जिपं सीईओ ने नरेगा अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश



**बेमेतरा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल ने जिला पंचायत सभा कक्ष में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत नरेगा कार्य के संबंध में समीक्षा की। आयोजित बैठक में ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये शासन की योजनाओ को बेहतर तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में समस्त कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायक मनरेगा, जनपद पंचायत उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से समस्त ग्राम पंचायत में मांग अनुसार मजदूरों को रोजगार उपलब्ध करने के लिए आधार सीडिंग पूर्ण करने, मजदूरी ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष बने यशवंत उपाध्यक्ष श्रद्धेय



**रायपुर।** दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट कार्यकारिणी चुनाव-2024 में समाजहित को ध्यान में रखते हुए सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ, जिसके परिणाम स्वरूप चुनाव अधिकारियों की सहमति से निम्न कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें अध्यक्ष यशवंत जैन, उपाध्यक्ष श्रद्धेय जैन, लोकेश चंद्रकांत जैन और नीरज जैन को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव सुजीत कुमार जैन, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार जैन, सहसचिव अनूप आशीष जैन, विजय कुमार जैन को चुना गया। दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं ट्रस्ट मंडल ने बताया कि संपूर्ण समाज एवं ट्रस्ट नवीन कार्यकारिणी से अपेक्षा रखते हैं कि वह समाजहित में कार्य करेगी।

### सूने मकान में धावा, ढाई लाख के जेवर पार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने सूने मकान में चोरी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी डोमेंद्र कुमार सिन्हा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 मई को दोपहर 12 बजे से लेकर रात 8 बजे के दरमियान कोई अज्ञात चोर उसके झंडा चौक संजय नगर स्थित घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर आलमारी से सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया। चोरी गए जेवरातों की कीमत ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पुरानी रंजिश पर वाहन में तोड़फोड़, 2 पर केस

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने वाहन में तोड़फोड़ करने के मामले में दो आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी अर्जुन साहू निवासी जय जवान पेट्रोल के पास तेलीबांधा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 मई को रात करीब 11 बजे आरोपी शुभम चंद्राकर उसके साथी ने पुरानी रंजिश पर उसके साथ पहले विवाद किया और फिर उसकी बाइक और स्कूटी में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 294, 506, 427 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश

**रायपुर।** राजधानी की पुलिस द्वारा एसएसपी के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अड्डेबाजों और नशेड़ियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुरानी बस्ती पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर उससे चाकू बरामद किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुलभ शौचालय भाठागांव के पास एक बदमाश अपने पास अवैध रूप से चाकू रखा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी गजेंद्र यादव निवासी लोहार चौक भाठागांव को गिरफ्तार कर धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया तथा न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।



### वेतन मांगने पर पिटाई संचालक पर केस दर्ज

**रायपुर।** वेतन मांगने की बात पर एक नौकर से उसके मालिक ने मारपीट कर दी। घटना 13 मई को करीब शाम साढ़े बजे माना कैंप क्षेत्र में ज्योति पेट्रोल पंप के पास की है। प्रार्थी आशुतोष पांडे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सतवीर के यहां काम करता है। उसे पिछले 6 माह से वेतन नहीं दिया गया था। अपना रुका वेतन जब उसने मांगा तो इस बात पर सतवीर और अन्य एक ने एकराय होकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट करते हुए उस पर पत्थर फेंककर मारा, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में 294, 506, 323, 336, 34 के तहत जुर्म कायम किया है।

# कृषि पंप बंद होने से बिजली की खपत में राहत, पीक ऑवर में डिमांड 55 सौ मेगावाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी भीषण अपने तेवर दिखा रही है, जिससे पारा 42 से 43 डिग्री तक जा रहा है, लेकिन जहां तक बिजली की खपत का सवाल है तो मई में बिजली की खपत के तेवर ज्यादा गर्म नहीं हैं। मार्च में ही बिजली की खपत 63 सौ मेगावाट के पार हो गई थी, लेकिन इस समय खपत पीक ऑवर में भी 55 सौ मेगावाट तक ही जा पा रही है।

दिन में डिमांड इससे भी कम है। एसी और कूलर तो थोक में चल रहे हैं, लेकिन कृषि पंप बंद हो गए हैं, इसलिए खपत का ग्राफ भी नीचे आ गया है। मौसम के कारण भी खपत कई बार पांच हजार मेगावाट से भी कम हो रही है। ऐसा होने से पॉवर कंपनी को भी राहत है, क्योंकि कंपनी का उत्पादन बमुश्किल 25 सौ मेगावाट होता है, बाकी बिजली सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ती है।

प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ता बढ़ते जा रहे हैं, यही वजह है कि अब बिजली की खपत भी लगातार बढ़ने लगी है। पहले कभी फरवरी और मार्च के माह में इतनी खपत नहीं होती थी, जितनी अब होने लगी है। अब तो ठंड के समय ही खपत चार हजार मेगावाट के पार हो जाती है। इसके पीछे का एक और कारण मौसम भी है। अब गर्मी का मौसम महज चार माह का नहीं रहता है। उमस के कारण भी खपत बढ़ जाती है। पिछले साल तो बारिश के मौसम में खपत छह हजार मेगावाट के पार चली गई थी।

### फरवरी- मार्च में सबसे ज्यादा खपत

इस बार भीषण गर्मी से पहले ही फरवरी और मार्च में बिजली की खपत ने तीखे तेवर दिखाए। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि इसी माह से कृषि पंप चलने लगते हैं। कृषि पंपों पर ही रोज की खपत पांच से छह सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ अब फरवरी से ही एसी और कूलर चलने लगे हैं। मार्च में तो गर्मी के तेवर और तेज हो गए तो इस माह जून जैसी गर्मी होने के कारण खपत ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस माह ही खपत के 63 सौ मेगावाट के पार हो गई।

### मार्च में ही खपत पहुंच गई थी 63 सौ मेगावाट के पार



**मौसम भी दे रहा राहत** : मौसम के कारण भी खपत में बड़ी राहत मिल रही है। जब-जब मौसम करवट बदलता है और बारिश हो जाती है तो इसके बाद अचानक खपत का ग्राफ भी हजार मेगावाट तक गिर जाता है। दो दिन पहले भी बारिश के कारण खपत पीक ऑवर में 42 से 43 सौ मेगावाट हो गई थी। आने वाले समय में भी मौसम के कारण अभी राहत की संभावना है।

### मई में इसलिए राहत

बिजली की खपत ने जिस तरह से तेवर मार्च में दिखाए, इसके बाद अप्रैल में भी खपत छह हजार मेगावाट के पार जा रही थी, उससे लग रह था कि इस बार खतप 65 सौ मेगावाट के पार चली जाएगी। करीब इतनी खपत की संभावना को देखते हुए ही पॉवर कंपनी ने इस बार सेंट्रल सेक्टर से एक हजार मेगावाट की अतिरिक्त बिजली की मांग की थी, लेकिन खपत 65 सौ मेगावाट के पार नहीं गई और अप्रैल से कृषि पंपों के बंद होने का सिलसिला प्रारंभ हुआ और अब मई में कृषि पंप लगभग बंद हो गए हैं। इसलिए खपत 55 सौ मेगावाट तक सिमट गई है।

# अग्नि सुरक्षा और रोकथाम पर कैट की कार्यशाला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा 16 मई को शाम 4 बजे बाम्बे मार्केट स्थित चैंबर भवन सभागार में अग्नि सुरक्षा और रोकथाम पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अग्निशमन विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को अग्नि सुरक्षा और रोकथाम के संबंध में जानकारी दी जायेगी।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया, कार्यशाला के मुख्य अतिथि अग्निशमन विभाग के अजातशत्रु बहादुर सिंह, निर्देशक ट्रेनिंग आपरेशन, अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग होंगे। इसके साथ ही अनिमा एस. कुजूर, संभागीय सेनानी, एसडीआरएफ एवं अग्निशमन, एसजी मोहम्मद वरिष्ठ तकनीकि अग्निशमन अधिकारी, पुष्पराज सिंह, जिला अग्निशमन अधिकारी रायपुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

- विभाग के अधिकारी डेमो कर बताएंगे बचाव के तरीके
- चैंबर भवन सभागार में शाम 4 बजे होगी कार्यशाला

कार्यशाला में शहर के सभी व्यापारिक एवं उद्योग संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यशाला को सफल बनाने कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों को कार्यों का आबंटन किया गया है।

## अब अनाउंसमेंट के जरिए यात्रियों को कर रहे जागरूक

# भीड़ से यात्रियों को बचाने आरपीएफ ने उठाया बीड़ा, बुजुर्गों को ट्रेन में पहुंचाने कर रहे मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

ट्रेन और स्टेशन में भारी भीड़ से यात्रियों को राहत दिलाने अब आरपीएफ ने बीड़ा उठाया है। स्टेशन के प्लेटफार्म में अतिरिक्त आरपीएफ जवान को तैनात किया गया है, जो प्लेटफार्म में ट्रेन के आने के बाद यात्रियों को निगरानी कर रहे हैं। भीड़ के कारण कई बुजुर्गों ट्रेन में चढ़ने दिक्कत हो रही थी, अब आरपीएफ के जवान ऐसी यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में भी मदद कर रही है। प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता ने बताया कि स्टेशन में अनाउंसमेंट के जरिए अब यात्रियों को जागरूक किया जा रहा, ताकि एक जगह पर यात्री एकत्रित न हों और जल्दबाजी में ट्रेन में चढ़ते समय यात्री गिर न जाएं। यात्रियों को फुटओवरब्रिज और सीढ़ियों में खड़ने नहीं रहने की हिदायत दी जा रही है।

- यात्रियों को दुर्घटना से बचाने स्टेशन में आरपीएफ ने तैनात किया अतिरिक्त जवान

एक समय में जब दो ट्रेन आती है उस समय ही स्टेशन में भीड़ बढ़ जाती है। यात्रियों के बीच चढ़ने और उतरने के दौरान किसी भी तरह का कोई विवाद न हो, इसलिए आरपीएफ जवान को तैनात किया है। यही वजह है कि अब स्टेशन में धीरे-धीरे भीड़ को नियंत्रित हो रही है।





### चेन पुलिंग के मामले में आई कमी

पहले एक प्लेटफार्म में एक ही जवान को तैनात किया जाता था, लेकिन भीड़ से यात्रियों को बचाने और व्यवस्था को सुधारने के लिए 3 से अधिक जवानों को तैनात किया जा रहा है। ट्रेन के प्लेटफार्म में खड़े होने के बाद रवाना होने तक आरपीएफ के जवान यात्रियों पर निगरानी रख रहे हैं, ताकि कोई भी यात्री जल्दबाजी के चक्कर में अपनी जिंदगी को खतरे में न डाले। ट्रेन के आने से पहले ही प्लेटफार्म में भीड़ कम किया जा रहा है, ताकि यात्री को किसी भी तरह की दिक्कत न हो। अतिरिक्त जवानों की तैनाती से अब चेन पुलिंग के मामले में कमी आई है।ट्रेन के भीतर जवान यात्रियों की समस्या को दूर कर रहे हैं।

### चोरों को पकड़ने विशेष अभियान

भीड़ बढ़ने से स्टेशन में चोरी के मामले भी बढ़ जाते है, जिसे लेकर अब रायपुर में प्लेटफार्म पर यात्रियों को जागरूक कर रहे हैं कि फोन में चार्जिंग में डालकर न सोए। सीसीटीवी की मदद से चोरों की पहचान कर पकड़ा जा रहा है। ट्रेन के भीतर भी स्काउटिंग कर रहे जवान भी यात्रियों को सामान की सुरक्षा करने को लेकर जागरूक कर रहे हैं।

# आयुष्मान योजना में अनियमितता, राज्य के 17 निजी अस्पतालों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत निशुल्क उपचार के बदले मरीजों से अतिरिक्त राशि लिए जाने संबंधी शिकायतों पर 17 निजी अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है। अस्पतालों को तीन दिन के भीतर अपना पक्ष रखने कहा गया, अन्यथा उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों को आने वाले मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा देनी होती है। वे मरीजों से अतिरिक्त राशि नहीं ले सकते, इसके बाद भी लगातार मरीजों से रकम लेने की बात सामने आती रहती है। इसी तरह की शिकायतों साथ ही कार्ड से दूसरी बीमारी की राशि ब्लॉक करने के मामले में स्टेट नोडल एजेंसी ने सख्त रवैया अपनाया है। रायपुर के नौ निजी अस्पतालों सहित कुल 17 अस्पतालों से मिली शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। एसएनए के उपसंचालक डॉ. खेमराज सोनवानी का कहना है कि उनके द्वारा जवाब नहीं देने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आरोप सही पाए जाने पर योजना से तीन से छह महीने के लिए निलंबित करने अथवा जुर्माना किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों की उपचार सुविधा की निगरानी रखने की जिम्मेदारी स्टेट नोडल एजेंसी के पास है। काफी समय बाद थोक में इतने अस्पतालों को नोटिस थमाया गया है।



- अतिरिक्त राशि लेने समेत कई शिकायतें, तीन दिन में मांगा जवाब

# उत्कृष्ट वसूली पर राजस्व अमले को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2023-24 में नगर निगम के लिए 283 करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली कार्य की सराहना की है। शहीद स्मारक भवन सभागार में उन्होंने सर्वाधिक वसूली करने वाले जोन 8 और जोन 10 की राजस्व टीम को प्रथम स्थान आने पर शाबाशी देते हुए स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। दूसरे स्थान पर जोन 2 के राजस्व टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए हौसला अफजाई करते हुए प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

- वितीय वर्ष 2023-24 में 283 करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली

राजस्व वसूली में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राजस्व अधिकारियों को नगर निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में राजस्व अधिकारी विवेकानंद दुबे, बलदाऊ वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी प्रेमचंद दुबे, महादेव रक्सेल, अमरनाथ साहू, प्रमोद जाघव, विजय शर्मा शामिल रहे।

इसके साथ ही वर्ष 2015-16 से नगर निगम राजस्व विभाग को ऑनलाइन सिस्टम में शामिल करने पर आईटी एक्सपर्ट रंजीत रंजन को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

मंगलवार को शहीद स्मारक भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. आरके डोंगरे, सहित जोन कमिश्नरों की उपस्थिति में वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट राजस्व वसूली कार्य करने वाले 24 राजस्व निरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षको और आईटी टीम के 10 कंप्यूटर आपरेटरों के साथ कोटक महेन्द्रा बैंक के निर्देश जैन, एंटीट आईटी सपोर्ट के कार्य को सराहते हुए उन्हें सम्मानित किया।

### 350 करोड़ का राजस्व वसूली टारगेट

निगम आयुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को वित्त वर्ष 2024-25 में 350 करोड़ रुपए के राजस्व वसूली का टारगेट दिया है। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को राजस्व वसूली के कार्य में जुट जाने का आव्हान किया।

# निजी अस्पतालों की तर्ज पर स्वास्थ्य केंद्रों में मॉडल टीकाकरण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निजी अस्पतालों की तर्ज पर अब शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में मॉडल टीकाकरण केंद्र बनाए जाएंगे। जिला का पहला केंद्र सीएचसी खोखो पारा में प्रारंभ किया गया है। यहां बच्चों के लिए बड़ी जगह के साथ प्ले जोन सहित अन्य जरूरी सुविधाएं जुटाई गई हैं। शासकीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की एएनएम आंगनबाड़ी स्तर पर जाकर बच्चों की टीका लगाती है। आमतौर पर इसका लाभ निचली बस्तियों तक ही सीमित होता है और पॉश कालोनी के लोग टीकाकरण के लिए निजी अस्पतालों में जाकर वैक्सीनेशन के लिए शुल्क देते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी वर्ग को टीकाकरण के लिए अनुकूल माहौल देने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में मॉडल टीकाकरण केंद्र बनाने की योजना बना चुका है। इसके शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खो-खो पारा से हुई है, जहां विभिन्न सुविधाओं वाले टीकाकरण केंद्र का उद्घाटन किया गया है। शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्मृति देवांगन ने बताया कि टीकाकरण केंद्र में ब्रीडिंग रूम, टीका लगने के बाद आधे घंटे के आब्जर्वेशन के दौरान बच्चों के लिए प्ले जोन सहित अन्य व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की सहयोग संस्था जेएसआई के साथ मिलकर सेटअप तैयार किया गया है और जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर टीकाकरण केंद्र तैयार किया गया है।

- पहले सेंटर का सीएचसी खोखो पारा में हुआ लोकार्पण



### पूर्व डीएमई ने किया लोकार्पण

खोखो पारा सीएचसी के मॉडल टीकाकरण केंद्र का लोकार्पण पूर्व डीएमई डॉ. विष्णु दत्त ने किया। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. संजीव मेश्राम, जिला सांख्यिकी अधिकारी डीके बंजारे, मीडिया प्रभारी गजेन्द्र डोंगरे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान नर्स डे के अवसर पर वहां के नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित किया गया।

किस्त की राशि नहीं आई तो निरस्त होंगे शेष ठेकों के टेंडर

# 55 में 48 अहाता ठेकेदारों ने जमा की लाइसेंस शुल्क की किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग की नई नीति के तहत राज्यभर में शुक्रवार को अहातों का टेंडर खोला गया। टेंडर में सबसे बड़ी बोली लगाने वाले लोगों को इन अहातों का ठेका दिया गया है। ठेका मिलने के बाद ठेकेदारों को लाइसेंस की फीस जमा करने के लिए 13 एवं 14 मई दो दिन का समय दिया गया था। मंगलवार को 55 ठेकेदारों में रात 8 बजे तक 48 ने लाइसेंस की फीस जमा करा दी है, लेकिन 7 ठेकेदारों ने यह राशि जमा नहीं कराई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार राशि जमा करने का समय रात 12 बजे तक है। इसके बाद भी अगर कोई ठेकेदार राशि जमा नहीं कराता, तो उसका ठेका निरस्त करते हुए संबंधित अहाता के लिए दूसरे नंबर पर सबसे बड़ी बोली लगाने वाले को ठेका दिया जाएगा।

आबकारी विभाग की नई नीति के तहत रायपुर जिले के 78 शराब दुकानों में से 56 दुकानों के पास अहाता खोलने के लिए ऑनलाइन टेंडर जारी किया गया था। इसके तहत आए 361 आवेदन आए थे। इनमें सबसे ज्यादा बोली लगाने वालों को इन अहातों का ठेका दिया गया है। जिन्हे ठेका मिला है उन सभी ठेकेदारों को टेंडर का दिन छोड़कर दो दिन कार्यदिवस के भीतर दो माह का लाइसेंस शुल्क जमा कराने के लिए कहा गया है। लाइसेंस शुल्क की राशि जमा करने का मंगलवार को अंतिम दिन था। इस दिन रात करीब 8 बजे तक 48 ठेकेदारों ने ही लाइसेंस शुल्क जमा किए हैं, जबकि शेष 7 ठेकेदारों ने जमा नहीं किया है।




### रात 12 बजे तक देखेंगे, राशि जमा नहीं हुई तो करेंगे निरस्त

अहाता का ठेका लेने वालों को लाइसेंस शुल्क जमा करने 14 मई तक का समय दिया गया है। रात 12 बजे के पहले तक राशि जमा करना अनिवार्य है। इसके बाद भी अगर राशि जमा नहीं करते, तो संबंधित अहाता का ठेका निरस्त किया जाएगा और दूसरे नंबर पर सबसे बड़ी बोली लगाने वाले व्यक्ति को ठेका दे दिया जाएगा।
*- विकास गोस्वामी, उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर*

### 94 लाख रुपये तक गया है ठेका

जिले में सभी अहातों का ठेका के लिए बड़ी बोली लगाई गई थी, जिसके कारण शहर के गंजपारा अहाता का ठेका सबसे महंगा 94 लाख 47 हजार रुपये में गया है। इसके अलावा अन्य अहातों का ठेका भी विभाग की तय कीमत से डेढ़ से दोगुना अधिक कीमत पर गए हैं। बताया गया कि गंजपारा अहाता के ठेकेदार ने लाइसेंस शुल्क की राशि जमा कर दी है।

### माना देशी मदिरा अहाता के लिए फिर से निकाला जाएगा टेंडर

विभाग ने 56 अहाता के लिए टेंडर निकाला था, लेकिन इनमें माना देशी मदिरा अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था, जिसके कारण यह अहाता ठेका अब तक नहीं गया है। विभाग इसके लिए फिर से टेंडर निकालेगा।

नया भनपुरी, बोरियाखुर्द, रामनगर पानी टंकी में कम जलभराव की शिकायत

# शहर में जल संकट से निपटने 13 जगहों पर बोरवेल खनन, 7 जगह पर और डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जल संकट से निपटने शहर में 13 जगहों पर बोरवेल खनन कराया गया है, 7 नई जगहों पर बोरवेल खनन जल्द कराया जायेगा। टेल एंड तक प्रेशर के साथ जल आपूर्ति के लिए शहर के सभी पानी टंकियों में पर्याप्त जलभराव की व्यवस्था होगी।

महापौर एजाज ढेबर ने गांधी सदन में पेयजल आपूर्ति को लेकर पार्षदों से चर्चा के बाद इस आशय के निर्देश अधिकारियों को दिए। अमृत मिशन के पाइप लाइन के कार्यो को 2 माह के भीतर पूरा करने की हिदायत भी दी गई। बैठक में उपस्थित ज्यादातर पार्षदों की शिकायत रही कि अमृत मिशन में नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंच रहा। कई इलाकों में इंटरकनेक्शन का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता मनोज वर्मा और जल कार्य विभाग अध्यक्ष सतनाम पनाग की मौजूदगी में पार्षदों की बैठक बुलाई। इसमें वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन सहित 42 वार्ड के पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, उपायुक्त डॉ. आरके डोंगरे के अलावा अमृत मिशन और फिल्टर प्लांट के अधिकारी सहित जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, उप अभियंता मौजूद रहे, जबकि निगम आयुक्त इस बैठक में नहीं पहुंच पाये।




### चौबे कालोनी, गीतानगर, अर्जुन नगर में पानी की किल्लत

स्वामी आत्मानंद वार्ड के चौबे कालोनी, गीतानगर और अर्जुननगर में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाई गई, पर इंटर कनेक्शन का काम अधूरा होने से इन इलाकों में पानी की समस्या है। वार्ड पार्षद अमर बंसल ने कहा, जोन 1 जोन 7 तक के 35 पार्षदों की बात मैंने सुनी, उनके वार्ड की पानी समस्या को मात्र 4 दिन में समाधान करने का दावा निगम के अधिकारी कर रहे हैं।

### अमृत मिशन का काम कराने में निगम विफल : मीनल

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा है 42 वार्डो में अमृत मिशन के तहत पानी की पाइप लाइन बिछाई गई। पर नई पाइप लाइन में पानी नहीं आ रहा है। यह समस्या सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों पार्षदों के वार्ड में है। पाइप लाइन बिछाने के बाद रेस्टारेशन का काम भी कामचलाऊ हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमृत मिशन का काम कराने में निगम प्रशासन पूरी तरह विफल रहा है।

## कहीं ना कहीं बारिश की गतिविधि

# अभी धीमे-धीमे बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में कहीं ना कहीं बारिश की गतिविधि रहने की वजह से तेजी से गर्मी बढ़ने की संभावना अभी नजर नहीं आ रही है। माहांत तक शहर का तापमान 43-44 के बीच रहने के आसार हैं।

अभी उत्तर और दक्षिणी हिस्से को छोड़कर बाकी शहरों का तापमान चालीस डिग्री के पार हो चुका है। मंगलवार को रायपुर का तापमान चालीस डिग्री से ऊपर जाने की वजह से सूरज ने एक बार फिर अपनी गर्मी दिखाई है। दोपहर की तेज धूप में तपिश का अहसास हुआ। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि तापमान अभी धीरे-धीरे ऊपर की ओर जाएगा, क्योंकि प्रदेश में उत्तर-पश्चिम हवा का प्रवेश नहीं हो रहा है, साथ ही कहीं ना कहीं हल्की से मध्यम वर्षा की गतिविधि हो रही है, जिसकी वजह से वातावरण में नमी की मात्रा मौजूद है। तापमान में हो रही धीमी बढ़ोतरी इस साल के अधिकतम तापमान को 44 डिग्री से अधिक नहीं हो पाएगा। रायपुर का तापमान मई महीने में पिछले दिनों सर्वाधिक 43.6 डिग्री तक पहुंचा था। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अगले चौबीस घंटे में राज्य के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई है। मंगलवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 43.4 डोंगरगढ़ का दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किए जाने की मांग

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने देशहित में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किए जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र प्रेषित किया है। जिसपर प्रधानमंत्री कार्यालय ने संज्ञान लेते हुए इस पर कार्यवाही बाबत प्रधानमंत्री कार्यालय के अवर सचिव मुकुल दीक्षित को अग्रेषित किया है। डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि भारत में जनसंख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। जिससे देश में भुखमरी, बेरोजगारी आदि समस्याएं भयंकर रूप लेती जा रही हैं। सीमित साधनों के कारण लूट, हत्याएं जैसे अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। इसे रोकने के लिए तत्काल कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाना आवश्यक है। जनसंख्या देश में महामारी का रूप ले चुकी है। ऐसे में सरकार को तत्काल कठोर कानून ला कर एक निश्चित तिथि के बाद दो से अधिक बच्चों वाले लोगों की सभी सरकारी सुविधाएं छीन लेनी चाहिए या सीधे नागरिकता समाप्त करने का भी प्रावधान रखे। अगर देश की जनसंख्या इसी गति से बढ़ती रही तो 2050 में जनसंख्या 160 करोड़ को पार कर जाएगीएजनसंख्या विस्फोट के कारण देश का विकास पहले ही बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।इस मामले में सख्ती दिखाने की जरूरत है।लोकसभा चुनाव के पश्चात भाजपा सरकार को तत्काल जनसंख्या नियंत्रण के लिए बिल लाना चाहिए, जिसमें कठोरतम प्रावधान किए जाएं अन्यथा जब तक 2 करोड़ बेघरों को घर दिया जायेगा तब तक 10 करोड़ बेघर और पैदा हो जाएंगे।

### एसएसपी ने भगवानू और प्रदीप को किया सम्मानित

**रायपुर।** सड़क दुर्घटना में राहगीरों की जान को बचाने वालों को सम्मान देकर पुलिस विभाग द्वारा एक अनूठा कार्य किया जा रहा है और समाज में जागरूकता लाई जा रही है। राजधानी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा ऐसे व्यक्तियों को गुड सेमेरिटन कार्य के लिए स्मृति चिन्ह और प्रस्तुति पत्र देकर सम्मान किया जाता है। इसी कड़ी में अधिवक्ता भगवानू नायक और समाजसेवी प्रदीप साहू ने विगत 29 अप्रैल को राजधानी रायपुर के राजभवन गेट नंबर-1 के समीप ई-रिक्शा के पलट जाने से लहूलुहान दुर्घटनाग्रस्त बुजुर्ग महिला जानकी यादव एवं रिक्शा चालक विदुर महानंद को त्वरित मदद की, तत्काल घटना की न सिर्फ सूचना दी, बल्कि एंबुलेंस बुलवाकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने में भी भूमिका निभाई।

### केटीयू के प्राध्यापक डॉ. शाहिद की सेवाएं बहाल

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि के प्राध्यापक शाहिद अली को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के डबल बेंच के उस निर्णय पर रोक लगा दी है, जिसके आधार पर विवि प्रबंधन द्वारा डॉ. शाहिद अली को दोबारा बर्खास्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद डॉ. शाहिद अली की सेवाएं विश्वविद्यालय में अब बहाल हो गई हैं। गौरतलब है कि डॉ. अली को विवि द्वारा 13 जुलाई 2023 को बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने छग उच्च न्यायालय में अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। सिंगल बैंच ने विवि के आदेश को निरस्त कर दिया था। विवि द्वारा हाईकोर्ट की डबल बेंच में अपील की गई। हाईकोर्ट ने बहाली के समय सेवा संबंधी लाभों के भुगतान के विषय में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अंतर्गत सुनवाई करने कहा था।

### राजस्व प्रकरणों का करें गंभीरता से निराकरण : कलेक्टर

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से विभिन्न खेलों के सब.जुनियर एवं जुनियर वर्ग के प्रतिभाशाली बालक-बालिकाओं को बीएसपी के खेल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। ताकि वे आने वाले दिनों में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने इस हेतु जिला खेल अधिकारी को बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में जनसमस्याओं एवं जन शिकायतों के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकरण करने के निर्देश दिये।

# अगर कार्ड नहीं तो तत्काल बनाएं, नकद राशि लेने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लगातार मरीजो से नगद राशि लिए जाने की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी अस्पताल संचालको की बैठक लेकर सक्त हिदायत दी गई है। बैठक में कहा गया हैं कि, अगर मरीज के पास भर्ती होने के समय कार्ड नही हैं तो तत्काल बनाया जाए। साथ ही अगर कार्ड रहने के बाद भी राशि ली जाएगी तो बडी कार्यवाही किए जाने के संकेत दिए गए है।

कलेक्टर महोदया के मार्गदर्शन मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महोदय डा.जे.पी.मेश्राम सर के निर्देशानुसार जिला नोडल अधिकारी डा. अनिल कुमार शुक्ला सर के नेतृत्व मे आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डा. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकृत समस्त शासकीय एवं निजी चिकित्सालयो के हास्पीटल एडनिस्ट्रेटर एवं कम्प्यूटर आपरेटर की मंगलवार को प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण मे शासकीय चिकित्सालयो के 43 प्रतिनिधि तथा निजी चिकित्सालय के 52 प्रतिनिधि उपस्थित थे। उक्त प्रशिक्षण मे आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विभिन्न विषयो एवं पहलुओ पर एक रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रदान किया गया।

## आयुष्मान योजना की लगातार शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने ली बैठक

### राशि जमा कराने पर देनी होगी रसीद

बैठक में कहा गया हैं कि, पात्र हितग्राही मरीज के पास आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नही है तो चिकित्सालय मे आयुष्मान कार्ड बनाकर लाभांवित किया जाए। वहीं कई चिकित्सालयो द्वारा आयुष्मान कार्ड से उपचार के अतिरिक्त नगद राशि लिए जाने की शिकायते प्राप्त हो रही है। अतः योजना के दिशानिर्देंशो के अनुसार निःशुल्क उपचार किये जाने तथा किसी भी मरीज से नगद राशि नही लिये जाने के निर्देश दिये गए हैं। शासकीय अस्पतालो के लिये रिजर्व बिमारियो के उपचार मे मरीज को पूर्ण जानकारी दिया जाए तथा यदि उनके द्वारा उपचार हेतु नगद भुगतान किया जाता है तो उसकी रसीद अनिवार्य रूप से सहमति पत्र के जरिए दी जानी चाहिए।



### कार्ड जमा करने 72 घंटे का समय

अस्पताल में योजना संबंधी बैनर अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। क्लेम प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा मे पूर्ण किया जाए। अनावश्यक विलंब किये जाने की स्थिति में प्रकरण रिजेक्ट किये जा सकते है। भर्ती मरीज को भर्ती के समय आयुष्मान कार्ड प्रस्तुत नही किए जाने की स्थिति मे 72 घंटे की समय सीमा निर्धारित की गई तथा यदि उक्त कारणो से नगद राशि जमा कराई गई है तो आयुष्मान कार्ड प्रस्तुत करते ही जमा की गई नगद राशि वापस कर दी जाए। नोडल अधिकारी डां अनिल शुक्ला ने बैठक में कहा कि, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में सभी चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ का रजिस्ट्रेशन आगामी 10 दिवस में पूर्ण कराए।

## सख्ती : मिशन क्लीन सिटी में लापरवाही पर स्वास्थ्य अधिकारी पर गिरेगी गाज

# डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में गड़बड़ी स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम द्वारा कचरा कलेक्शन के नाम पर जमकर बंदरबांट किया जा रहा है। शहर से निकलने वाले कचरों को अलग-अलग देना छोड छंटाई तक नही की जा रही है। जिसके चलते मिशन क्लीन सिटी के निर्देशों की निगम प्रशासन द्वारा जमकर धज्जियां उडाई गई है। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इस लापरवाही के खिलाफ स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। माना जा रहा है कि, राज्य शासन द्वारा बडी कार्यवाही किए जा सकते है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास छग के अपर संचालक द्वारा 26 अप्रैल 2024 को जारी नोटिस से निगम में खलबली मच गई है। विगत दिनों मिशन क्लीन सिटी के तहत राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें दुर्ग निगम का परफार्मेंश संतोषजन नही पाए जाने के कारण स्वास्थ्य अधिकारी को सात दिवस के अंदर जवाब मांगा गया है। अन्यथा एकतरफ कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई है। उल्लेखनीय हैं कि, मिशन क्लीन सिटी के तहत डोर टू डोर निकलने वाले गीला और सूखा कचरा का अलग-अलग कलेक्शन किया जाना है, ताकि इस कचरे का खाद आदि तैयार किया जा सके। लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बगैर छंटाई कचरों को कलेक्शन केन्द्र भेजा रहा है। मिशन क्लीन सिटी के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा तय सेटअप से अधिक पदों में कर्मचारियों की भर्ती की गई है। एक-एक वार्ड में तीन-तीन सुपरवाईजर रखा गया है। लेकिन मानिटरिंग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। हर माह लाखों रूपए वेतन के नाम पर फूंके जा रहे है। लेकिन जमीनी स्तर सफाई का नामोनिशान नही है।

**निगम प्रशासन की मानिटरिंग नही होने की बात सामने आई**

**खास बातें**

- एसएलआरएम सेंटर में फूंके जा रहे लाखों, छंटाई का काम नहीं
- नगरीय निकाय ने जांच के बाद थमाई कारण बताओ नोटिस
- मिशन क्लिन सिटी के निर्देशों का नही किया गया पालन



### एसएलआरएम सेंटर में मिलावट वाला कचरा

राज्य शासन द्वारा मिशन क्लीन सिटी के तहत लाखों रूपए खर्च किए जा रहे है। इस मामले की जब नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जांच कराई गई तो यह साफ हो गया कि, दुर्ग निगम में कचरों की छंटाई नही हो रही है। डोर-टू-डोर कलेक्शन होने के बाद एसएलआरएम सेंटर में कचरा पहुंच तो रहे है। लेकिन इसकी छंटाई नही होने के कारण खाद तैयार नही हो पा रहा है। इसकी शिकायत नगरीय प्रशासन विभाग के डायरेक्टर से भी की गई थी। जिसके बाद वे दुर्ग शहर में जांच भी कर चुके है। जांच के बाद ही स्वास्थ्य विभाग को नोटिस जारी किया गया है।

### शहर में बनाए गए दस एसएलआरएम सेंटर

जानकारी अनुसार नगरनिगम द्वारा शहर के साठ वार्डो में दस एसएलआरएम सेंटर बनाए गए है। जहां रोजाना डोर टू डोर कचरा कलेक्शन होने के बाद इसे वहां भेजा जाता है। घरों से गीला और सूखा कचरा दिए जाने के बाद सेंटर में इसकी छंटाई नही हो रही है। यानि कचरों का उपयोग खाद के तौर पर नही होकर इसका बंटरबांट किया जा रहा है। जबकि इस कार्य के लिए हर माह निगम द्वारा लाखों रूपए खर्च किए जा रहे है। इस लापरवाही के सामने आने के बाद जारी नोटिस में कहा गया है कि, 7 दिवस के समयावधि में उत्तर प्राप्त न होने पर यह समझा जायेगा कि, आपको अपने बचाव पक्ष में कुछ नहीं कहना है, नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

**दूर कर रहे कमियां**

"पाई गई कमियाँ को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है, निगम द्वारा कचरा निष्पादन के लिए प्लांट की स्थापना किया जाएगा। ठोस अपशिष्ट अपशिष्ट के निष्पादन करने सामान्य सभा से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।
-जावेद अली, स्वास्थ्य अधिकारी, नगरनिगम दुर्ग

### नोटिस में कहा क्यों न आप पर कार्रवाई करें

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ जांच में पुष्टि होने के बाद राज्य शासन द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि, निकाय क्षेत्र से मिक्स वेस्ट कलेक्ट कर डम्प किया जा रहा है, जो नही होना चाहिए। नगरीय क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य हेतु मिशन क्लीन सिटी योजना के अंतर्गत विस्तृत दिशा निर्देश प्रसारित किये गये है एवं इसके अनुक्रम में आउटकम के मूल्यांकन हेतु शासनादेश क्रमांक 3929/4041/2021/18, दिनांक 06.06.2023 द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया। निकाय की समीक्षा के दौरान उपरोक्त शासनादेशों के अपालन का तथ्य परीलक्षित हुआ है। आपका उपरोक्त कृत्य पदेन दायित्वों के निवर्हन में लापरवाही एवं उदासीनता को इंगित करता है। अतः कारण स्पष्ट करें कि छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 एवं छग नगर पालिक निगम (अधिकारियों तथा कर्मचारियों की नियुक्ति तथा सेवा के निबंधन एवं शर्ते) नियम 2018 के तहत क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।

# आपरेशन किए नहीं और मरीज से ऐंठे 80 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



आरोग्यम सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल एड रिसर्च सेंटर, कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा एक मरीज से प्रोस्टेट आपरेशन किए जाने की बात कहकर करीब अस्सी हजार रूपए ऐंठ लिए गए। जब मरीज स्पर्श हास्पिटल भर्ती हुआ तो डाक्टरों ने चौकाने वाला खुलासा किया। उन्होने कहा कि आपका कभी प्रोस्टेट आपरेशन हुआ ही नही है। इस तरह मरीज से मोटी रकम ऐंठ ली गई।

- आरोग्यम हास्पिटल की फिर से मरीज ने की शिकायत

विगत 27 फरवरी 2024 को पुरुषोत्तम नेमा, निवासी स्मृति नगर को स्वास्थ्यगत समस्याओं के कारण प्रोस्टेट का ऑपरेशन किया गया था। जिसमें इन्हें 29 फरवरी 2024 को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। जिन्हे ऑपरेशन के 1 माह पश्चात भी स्वास्थ्य लाभ नहीं मिलने के कारण पुनः 2 अप्रैल 2024 को एडमिट किया गया एवं 6 अप्रैल 2024 को डिस्चार्ज किया गया। इसके बाद भी लाभ नही मिलने पर स्पर्श हॉस्पीटल राम नगर सुपेला ले जाया गया, यहाँ के डॉक्टरों द्वारा मरीज का पूर्व में प्रोस्टेट ऑपरेशन होने से इंकार करते हुए पुन ऑपरेशन किया गया। जिसके पश्चात मरीज के स्वास्थ्य में सुधार है। ऑपरेशन करने के नाम पर 80 हजार से अधिक की राशि लिये जाने की शिकायत मिलने पर 2 दिवस के भीतर जवाब देने नोटिस जारी किया गया है।

### मरीज की मृत्यु की सूचना नहीं दी

मरीज शिवानी गुप्ता पति आकाश गुप्ता नेहरू नगर, भिलाई की 19 मार्च 2024 को सीजेरियन ऑपरेशन से श्री शंकराचार्य अस्पताल, जुनवानी, भिलाई, जिला दुर्ग में प्रसय हुआ था, जिसके पश्चात उक्त मरीज को रिफर कर 20 मार्च 2024 को आरोग्यम सुपरस्पेशिलिटी हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर में 28 मार्च 2024 को प्रसूता महिला की मृत्यु हो गई। स्वास्थ्य विभाग को 48 घंटे के भीतर सूचना देनी थी। लेकिन अस्पताल द्वारा एक माह बाद भी सूचना नही दी गई। मामले में मंगलवार को ही स्त्रीरोग विशेषज्ञ डां बलजीत कौर को भी तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने नोटिस जारी किया गया है।

### मतदान दल के कर्मचारियों को किया भुगतान

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न होने के उपरांत कुल 1509 मतदान केन्द्रों में मतदान दल के कुल 6036 अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान सेवा देने हेतु मानदेय का भुगतान किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीके दुबे से मिली जानकारी के अनुसार पीठासीन अधिकारी को 1200 रूपए की दर से एवं मतदान अधिकारी 01, 02 एवं 03 को 900 रुपए की दर से कुल राशि 58 लाख 85 हजार 100 रूपए का भुगतान उनके बैंक खाते में 13 मई को किया गया है।

# वैशाली नगर पुलिस ने नहीं किया लूट का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले से वैशाली नगर थाना पुलिस का बड़ा लापरवाही सामने आया है। लूट के वारदात के 10 दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है। धारा 155 (पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य) के तहत कार्रवाई कर पीड़ित को थाने से लौटा दिया गया। जिस दुकान में लूट की घटना हुई है। वह वैशाली नगर थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित है। पीड़ित धारा 155 का दिए गए कागज को ही लूट का एफआईआर समझ रहे थे। वैशाली नगर थाना के इस कृत्य से पीड़ित परिवार में आक्रोश व्याप्त है। रामनगर इंदिरा चौक स्थित साई स्वीट्स के संचालक सुरेंदर सिंह वर्मा (सोढ़ी) की पत्नी विनिता रानी वर्मा ने बताई कि 5 मई को खरीदारी करने 2 लड़के





बिना नंबर की बाइक में उनके दुकान आए और कुछ सामान खरीदकर वहां से चले गए। कुछ देर बाद महिला जब काउंटर में जाती है हो उनका मोबाइल गायब था। फिर उनका ध्यान गल्ले की ओर जाता है। गल्ले में रखे 8 हजार रुपए भी गायब थे। महिला ने दुकान में ही सो रहे अपने पति को जगाते हुए घटना की जानकारी दी। दुकान संचालक पति-पत्नी वैशाली नगर थाना पहुंचकर वहां मौजूद पुलिस कर्मियों को घटना की पूरी जानकारी दी। काफी देर बैठे रहने के बाद थाने से धारा 155 (पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य) के तहत कार्रवाई कर पीड़ित को लौटा दिया, लेकिन दुकान में हुए लूट की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

### सीसीटीवी फुटेज के लिए 4 दिन से लगातार लगाते रहे चक्कर

विनीता रानी वर्मा ने बताया कि लूट की घटना के बाद वैशाली नगर थाने के सिपाही गगन से संपर्क किया। सिपाही गगन के साथ वे सीसीटीवी फुटेज के लिए लगातार 4 दिन को कंट्रोल रूम सेक्टर 6 का चक्कर लगाते रहे। वहां बिजली नहीं है बोलकर 3 दिन घुमाया गया और चौथे दिन ये कहते हुए कंट्रोल रूम से वापस कर दिया गया कि वैशाली नगर थाना से पुलिस के आने पर ही सीसीटीवी फुटेज दिया जाएगा। इसके बाद पीड़िता विनिता रानी वर्मा ने अपने दुकान के पास स्थित शारदा विद्यालय से सीसीटीवी फुटेज निकली, जिसमें लुटेरे साफ साफ दिखाई दे रहें है।

# सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सड़क हादसे में मां बेटे की मौत का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि कुरुद कोहका निवासी मोहन यादव अपनी बाइक सीजी 07 सीएस 2172 में पत्नी उर्मिला यादव, बेटा रुपेश यादव के साथ अपनी बहन बिमला, जीजा छबिलाल यादव के घर मिलने आए हुए थे। खाना खाकर मोहन अपने परिवार के साथ घर लौट रहा था। इस दौरान ग्राम नंदिनी खुंदनी के शासकीय स्कूल के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में उर्मिला यादव, रुपेश यादव की मौके पर मौत हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि मां बेटे की लाश को वाहन चालक कुछ दूर तक खिचकर बाइक सवार दंपति सड़क पर ही गिर पड़े, टक्कर इतना जबरदस्त था माँ बेटा के शव का खून सड़क पर फैला रहा। वहीं बाइक चालक मोहन यादव को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस अज्ञात वाहन चालक की खोजबीन सीसी कैमरे में खोज रही है। जिस जगह



- नंदिनी थाना क्षेत्र की घटना
- वाहन चालक मौके से फरार

पर हादसा हुआ है। इसके पूर्व भी वहां कई बार सड़क हादसा हो चुका है।

## पेज 9 के शेष

### छात्रावास में दूर-दूर से पढ़ने ...

तरह के पौधे लगाने और परिसर को साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास में बच्चों के लिए पानी की व्यवस्था, पंखा, कूलर में हो रही बिजली सप्लाई को चेक करने को कहा, ताकि कोई दुर्घटना ना हो। सभी बच्चों को पढ़ने के लिए अग्नि की उड़ान पुस्तक हॉस्टल में रखने को कहा। जिलाधीश ने अधीक्षकों से हॉस्टल में रह रहे बच्चों का परीक्षा परिणाम और अच्छा करने को कहा और सभी बच्चों को अनुशासित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी हॉस्टल में बच्चों के कपड़े, बेडशिट कपड़े गद्दे को धुलाकर धूप में रखने को कहा ताकि साफ सफाई रहे। उन्होंने समय समय पर बच्चों का मेडिकल चेकअप कराने को कहा और गंभीर समस्या होने की दशा में वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवश्य अवगत कराएं। उन्होंने बच्चों को मौसमी सब्जी और फल देने को कहा ताकि पोषण आहार संतुलित रहे।

**अनुशासन एवं अच्छे गुणों के विकास में अधीक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका :** कलेक्टर ने आगे कहा कि बच्चों में अनुशासन एवं अच्छे गुणों के विकास में अधीक्षकों की अहम भूमिका होती है। छात्रावास और आश्रम में रहने वाले बच्चों को विविध गतिविधि में परंपरागत बनाने के लिए समय- समय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। बच्चों को खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, पेंटिंग जैसे रोचक गतिविधियों में जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास करें।

### बेहतर तरीके से करें ...

भुगतान पूर्ण कराने एवं अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में जिला स्तर से सहायक परियोजना अधिकारी कंप्यूटर प्रोग्रामर एवं तकनीकी समन्वय मनरेगा उपस्थित रहे।

सीईओ ने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर शाखा प्रभारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए आमजन के कार्य नियत समय पर सम्पादित करने, नरेगा में श्रमिकों को समय पर भुगतान करने, औसत श्रमिक दर बढ़ाने, अपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण करने, बकाया एबीपीएस का कार्य तत्काल कराने, ग्राम पंचायतों में समुचित सफाई व्यवस्था करने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सचिव और रोजगार सहायक से कहा कि ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा पीएम आवास का दिया गया लक्ष्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# नाचा गम्मत महोत्सव कल से, प्रदेशभर के 350 से ज्यादा कलाकार देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के निकुम में लगातार तीसरी बार नाचा महोत्सव से पूरे अंचल में खुशी की लहर फैल गई है। गौरतलब है कि 600 महिला समूह नये नये रंग की साड़ी में दिखेंगी, नाचा गम्मत मंच में रोज व्हीआईपी नेता भी आएंगे।

छत्तीसगढ़ नाचा गम्मत संयोजक जनपद सदस्य रुपेश देशमुख के मार्गदर्शन व सानिध्य में लोककला के संरक्षण, संवर्धन और प्रदर्शन के उद्देश्य से ग्राम निकुम में तीन दिवसीय नाचा महोत्सव की शुरुआत 17 मई से होगी। नाचा के जनक स्व.दाउ रामचंद्र देशमुख की कला, संस्कृति को सहेजने के लिए आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर के 350 नाचा के कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। पंडाल में 25000 दर्शक एक साथ बैठकर नाचा देख सकेंगे। वहीं, आयोजन में भोजन भंडारा की व्यवस्था है, जिसमें ग्राम के 46 महिला बिहान समूह की 600 महिलाएं श्रमदान करेंगी।

## निकुम में लगातार तीसरी बार हो रहा है आयोजन

### निकुम को मिल रही अलग पहचान : सुधाकर



प्रदेश में तीर्थराज निकुम्ला नगरी की महिमा मंडित है। ग्राम निकुम की प्रदेश से लेकर देश तक इस ग्राम में हो रहे विकास कार्यों से ग्राम निकुम की अलग ही पहचान मिल रही है। गौरतलब है कि पूर्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचायती राज से ग्राम पंचायत निकुम को सम्मानित किया है। वहीं क्षेत्र में विकास कार्यों से दुर्ग ग्रामीण की तकदीर व तस्वीर बदल रही है। निकुम में सीएससी, कॉलेज, आत्मानंद स्कूल, रेस्ट हाउस, पक्की सड़कें सहित कई सुविधा मिली हैं। उन्होंने बताया कि सभी ग्रामीण नाचा महोत्सव में लगातार सहयोग कर रहे हैं।

### लोक संस्कृति नाचा गम्मत को सहेजने आगे आएं युवा : देशमुख

संयोजक व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने बताया कि नाचा गम्मत सिर्फ मनोरंजन का साधन ना होकर हमारी छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के साथ समाज में विभिन्न बुराइयों पर कटाक्ष का माध्यम है। नाचा गम्मत को सहेजने युवा वर्ग आगे आए, तो निश्चित ही हमारे आने वाले भविष्य के लिए बेहतर है। छत्तीसगढ़ी भाषा में अपनी बहुमूल्य संस्कृति को समेटे हुए हमारी धरोहर है नाचा गम्मत, नाचा गम्मत धरोहर का सहजने व आने वाले पीढी तक पहुंचाने हमें मिलकर पहल करनी होगी।

### मेले जैसा रहेगा माहौल

रुपेश देशमुख ने बताया कि 17 मई को पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर सहित लगातार तीन दिनों तक जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में निकुम में मेले जैसा माहौल रहेगा, जिसमें बच्चो के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### झारखण्ड में चुनाव प्रचार के लिए विधायक ललित

**अंडा।** लोकसभा 2024 चुनाव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में चुनाव संपन्न होने के बाद झारखंड में चुनाव प्रचार के लिए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर झारखंड रवाना हुए। वे सारठ विधानसभा में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने के संकल्प के साथ अपना योगदान प्रदान करेंगे। श्री चंद्राकर 16 मई से वहां के स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। इस दौरान दुर्ग से पिंटू चोपड़ा, मोनू चौधरी और राहुल देवांगन भी उनके साथ रहेंगे।

### घोटिया कन्या शाला में सेजल पहले स्थान पर

**बालोद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में शासकीय कन्या हाई स्कूल घोटिया का परीक्षा परिणाम 95.45 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में कुल 22 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। उनमें से 12 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 09 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और 1 विद्यार्थी पूरक आया है। सेजल सपहा ने 92 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, द्वितीय कुरागनी 86 प्रतिशत, अंजली 78 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाला के प्राचार्य एम नेताम, व्याख्याता एसआर ठाकुर, एम नायक, एम साहू, आर राणा, देवेन्द्र रावटे, धनेन्द्र साहू व स्टॉफ ने बच्चों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**बालोद।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली ने बताया कि सीबीएसई परीक्षा अंतर्गत कक्षा 10 वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 10वीं की पाली ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह पूर्वी चंद्राकर 94.4 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर एवं धीरज कुमार 94.2 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा 10वीं में 38 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें सभी 38 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे। कक्षा 10वीं की परीक्षा परिणाम में 05 परीक्षार्थियों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 22 परीक्षार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कुमारी पाली विज्ञान में 100 में से पूरे 100 अंक अर्जित किए हैं। इसी तरह कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय के कुल 37 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें सभी 37 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे। कक्षा 12वीं में कुमारी गरिमा सारवा ने 88.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पर, कुमारी पुष्पांजलि 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर तथा रेणुका 82 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा 12वीं में 17 परीक्षार्थी 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने में सफल हुए हैं।

## बैठक : कलेक्टर ने राइस मिलर्स और खाद्य अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# राइस मिलर्स एक सप्ताह के भीतर कर लें शेष धान का उठाव : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बुधवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में वर्ष 2023-24 में उपर्जित धान के त्वरित उठाव एवं कस्टम मिलिंग के चावल जमा के संबंध में जिले के राईस मिलर्स और खाद्य अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान समीक्षा के साथ ही कस्टम मिलिंग और धान उठाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों व धान संग्रहण केंद्र से धान उठाव में आने वाली दिक्कतों की जानकारी ली और उन्हें दूर करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में खाद्य अधिकारी, उपायुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक (नान), जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डिपो इंचार्ज (भा. खा.ना.) विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत खाद्यान्न वितरण एवं उठाव की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा भी की।

■ कस्टम मिलिंग एवं धान उठाव की समीक्षा की के दौरान कस्टम मिलिंग में तेजी लाने पर दिया जोर

कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के सभी राईस मिलर्स को शीघ्र ही धान उपार्जन केंद्रों से बचे हुये शेष धान की उठाव करने के निर्देश दिए । उन्होंने खाद्य विभाग के अंतर्गत पीडीएस वितरण कार्य, चावल भंडारण की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में एफसीआई एवं नान में चावल जमा करने की समीक्षा की एवं समय में चावल जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को जिले के राइस मिलर्स से समय सीमा के भीतर धान का उठाव करने के निर्देश दिये। उन्होंने आपूर्ति निगम में जमा चावल के लिए जिला प्रबंधक नान को राइस मिलर्स से समन्वय बनाकर गति में तेजी लाने को कहा । उन्होंने भारतीय खाद्य निगम में जमा हो रहे चावल की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। संबंधित अधिकारी को गोदाम भंडारण क्षमता अनुसार कार्य में गति लाने और चावल जमा करने के निर्देश दिये।

### 934686.7 मीट्रिक टन धान की खरीदी

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीफ वर्ष 2023-24 में 934686.7 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। जिसमें 889729 मीट्रिक टन डीओ जारी किया गया एवं डीओ के विरुद्ध 882462 मिट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है, बाकी शेष है। 7262 मीट्रिक टन का उठाव शेष है। इसके साथ ही 44567 मिट्रिक टन का डीओ जारी हुआ है, जिसमें 20778 मिट्रिक टन धान का उठाव हो गया है तथा 23790 मिट्रिक टन धान शेष है । इसी प्रकार कस्टम मिलिंग के उपरांत नागरिक आपूर्ति केंद्र में 61023.18 मिट्रिक चावल जमा हो गया है। कुल 60 प्रतिशत तथा भारतीय खाद्य निगम में 61275.91 प्रतिशत कुल 24 प्रतिशत चावल जमा हुई है।

## आचार संहिता को प्रदेश में शिथिल करने डॉ. निर्वाणी ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्रदेश में लोकसभा के सभी ग्यारह सीटों में मतदान होने के बाद राजनीतिक दलों और आम नागरिकों के बीच भाजपा और कांग्रेस को मिलने वाली सीटों पर कयास लगाए जा रहे हैं। इसी बीच भाजपा के डॉ. सौरभ निर्वाणी ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में आचार संहिता को शिथिल किये जाने की मांग रखी। डॉ. निर्वाणी ने पत्र में लिखा कि राज्य में कृषि कार्य प्रारंभ हो चुके हैं, लोकसभा चुनाव के दौरान बेमेतरा जिले के कुछ गांवों में पेयजल और सड़क की समस्या को लेकर मतदान बहिष्कार तक के नौबत आ गई थी। राज्य में जिन कार्यों के टेंडर हो चुके हैं या प्रक्रिया में हैं, ऐसे कार्यों को प्रारंभ करने की अनुमति दी जा सकती है। ऐसे विकास कार्य जिसमें निर्वाचन आयोग को कोई आदर्श आचार संहिता में कोई अड़चन न हो उसके लिए यह कदम उठाया जाना चाहिए। 7 चरणों के इस चुनाव के कारण लंबे समय से कार्य अवरुद्ध हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में आचार संहिता में ढील देने से अन्य राज्यों के चुनाव में प्रभाव नहीं पड़ेगा, बल्कि विकास की रुकी हुई रफ्तार में गति आएगी।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के आने वाली सीटों के लिए डॉ. सौरभ निर्वाणी ने दावा करते हुए कहा है कि कांग्रेस के लिए यहां वन या नन वाली स्थिति से ज्यादा कुछ भी नहीं है। इस लिए कांग्रेस के लिए लोकसभा एक या एक भी नहीं वाली स्थिति में है। लोकसभा के बाद बहुत से कांग्रेस नेता नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने का मन बना कर बस इंतजार कर रहे हैं।

## सेवा कार्य के लिए स्काउट-गाइड सम्मानित

**डौंडी।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बालोद सभागार में, विकासखंड डौंडी के प्याऊ घर सेवा कार्य करने पर यह प्रमाण पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन 15 मई को किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के आदेशानुसार राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, पदेन जिला आयुक्त बालोद जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ,जिला सचिव के एल गजेंद्र, जिला संगठन आयुक्त गाइड प्रेमलता चंद्राकर द्वारा आयोजन किया गया। ,सेवा कार्य की प्रेरणा को बढ़ाते हुए प्याऊ घर का आरंभ किया गया था। यह प्याऊ घर डौंडी में स्थानीय जनप्रतिनिधि कुंती भूआर्य के सहयोग से संचालित हो रहा था। निरंतर बढ़ती गर्मी को देखते हुए राहगीरों को राहत प्रदान करने के लिए यह सेवा कार्य किया गया।

## नारायणपुर के कोमल को 10वीं में मिले 93.86 प्रतिशत, सरपंच ने किया सम्मान

**बेमेतरा/नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। जहां ग्राम पंचायत नारायणपुर के छात्र कोमल वर्मा ने कक्षा दसवीं में 93.86 प्रतिशत अंक लाकर पूरे गांव में प्रथम स्थान प्राप्त किए है। जहां ग्राम के सरपंच बिसाहू राम साहू ने छात्र को बधाई देने उनके निवास पहुंचे। उन्हें मिठाई खिलाकर और उपहार भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें, ताकि वे भी कामयाबी के शिखर पर पहुंचें। श्री साहू ने कहा कि मजदूर का लड़का 93.86 अंक लाकर गांव के साथ क्षेत्र के लिए भी ग़ौरव की बात है। इस दौरान छात्र कोमल वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुओं समेत विद्यालय परिवार को दिया।



## डाइट में शुरू हुई डीएलएड की वार्षिक परीक्षाएं



**बेमेतरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं 15 मई से प्रारंभ हो गई हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित ये परीक्षाएं दो पालियों में संचालित की जा रही हैं। जिले के सबसे बड़े अकादमिक संस्थान डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में परीक्षाएं शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। प्रथम दिवस प्राचार्य जे के घृतलहरे ने प्रथम व द्वितीय वर्ष के सभी छात्राध्यापकों को उनके उज्ज्वल व सुखद भविष्य की कामना के साथ उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रथम वर्ष की परीक्षाएं प्रातः 8 से 11:15 तक संचालित हो रही है तथा द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं दोपहर 2:00 से 5:15 बजे तक संचालित की जा रही है। परीक्षाएं दो हाल में संचालित की जा रही है।

बड़े हॉल में 60 छात्राध्यापकों के बैठने की व्यवस्था की गई है जिसमें पर्यवेक्षण कार्य हेतु चार पर्यवेक्षकों की व्यवस्था की गई है। जबकि छोटे हॉल में 40 छात्राध्यापकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। जिसमें तीन पर्यवेक्षकों की व्यवस्था की गई है। संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता व पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी को केंद्राध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही संस्थान के व्याख्याता राजकुमार वर्मा को सहायक केंद्राध्यक्ष तथा डॉ बसुबंधु दीवान को परीक्षा समन्वयक बनाया गया है। जबकि परीक्षा कार्य में सहयोगी के रूप में वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती, योगेश शर्मा, नागेंद्र शर्मा, सरस्वती साहू, पूनम पांडेय शामिल है।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए लाटरी से किया बच्चों का चयन



**डौंडीलोहारा।** नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य तथा पालकों एवं स्टाफ की मौजूदगी में लाटरी निकाली गई। उक्त प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन के लिए एक टीम गठित की गई थी। शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए सेजेस डौंडी लोहारा में कक्षा एलकेजी से कक्षा 12वीं तक में प्रवेश के लिए लॉटरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं की कुल सीट 720 जिसमें रिक्त सीटों की संख्या 102 के विरुद्ध 164 फार्म प्राप्त हुए। उनमें 123 फार्म पात्र

एवं 41 फॉर्म अपात्र हुए, चयनित छात्र-छात्राओं की सूची सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। संबंधित चयनित छात्र-छात्राओं को 20 मई 2024 तक पूर्ण दस्तावेज के साथ विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश लेने के लिए अनिवार्य किया गया है। प्राचार्य डीआर देवहरे ने बताया कि निर्धारित तिथि तक प्रवेश लेना नहीं चाहते हैं, तो उन रिक्त सीटों को प्रतीक्षा सूची से भरा जाएगा।

## शासकीय विद्यालय बेलौदी में 95 फीसदी रहा परीक्षा परिणाम

**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी का वर्ष 2024 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। माशिमं द्वारा जारी परिणाम के अनुसार स्कूल में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 94.20 तथा कक्षा 12वी परीक्षा परिणाम 95.55 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में कुल 69 विद्यार्थी अध्ययनरत थे, जिनमें 65 उत्तीर्ण हुए, 2 छात्र पूरक तथा 2 छात्र अनुत्तीर्ण रहे। धर्मेन्द्र कुमार साहू 90.5 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान पर रहे। डेविड कुमार साहू 89.33 लेकर द्वितीय तथा कुणाल साहू 88.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में कुल 45 विद्यार्थी अध्ययनरत थे, जिनमें 43 विद्यार्थी उत्तीर्ण तथा 2 छात्र पूरक रहे। झामिता मंडावी ने वाणिज्य संकाय 82.6 प्रतिशत अंक लेकर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ललित कुमार वाणिज्य संकाय 80.4% अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा कुनाल कुमार कला संकाय 77.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर शाला की प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ज्योति सोनी प्रीति गणवीर प्रीति मंडावी बी लहरे गीता वर्मा प्रज्ञा तिवारी कैलाश कुमार साहू ईश्वरी साहू प्रीति साहू ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ग्राम चिरपोटी में श्री शिव महापुराण कथा जारी

# भगवत कथा के श्रेष्ठ श्रोता हैं हनुमान जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम चिरपोटी में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचन करते हुए युवा कथावाचक आचार्य अनिल तिवारी ने हनुमान जी को श्रेष्ठ भगवत कथा श्रोता बताया। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान सदैव भक्तों के बीच अदृश्य रुप में उपस्थित होकर भगवत कथा का श्रवण करते हैं।



नवधा भक्ति की सरस जानकारी देते हुए उन्होंने क्रमशः नदी, सागर, पर्वत, शिखर और शिवालय में जाकर साधना करने से भागवत प्राप्त होने की जानकारी दी। बिल्ब अर्थात बेल वृक्ष के नीचे शिव उपासना करने से सुख-शांति, धन समृद्धि प्राप्त होने तथा बेल वृक्ष के नीचे किसी भूखे को भोजन करने से करोड़ों लोगों को भोजन करने का पुण्य प्राप्त होता है। शिक्षक व जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने अपने समुदाय विस्तार सेवा के अंतर्गत कथा श्रवण करते हुए बताया कि युवा कथावाचक आचार्य अनिल तिवारी ने नवधा भक्ति को श्रेष्ठ बताते हुए माता शबरी की भक्ति का उल्लेख कर कहा कि शबरी को दृढ़ विश्वास था कि उसकी कुटिया में एक दिन श्रीराम जरुर आएंगे। उसकी यह कामना पूर्ण हुई। नवधा भक्ति के अलग-अलग आचार्यों सुकदेव,भक्त प्रहलाद, माता लक्ष्मी,राजा पृथु, हनुमान जी, अर्जुन, राजा बली का ईश्वर भक्ति के अलग-अलग तरीकों का रोचक उल्लेख कर भगवान शिव द्वारा पार्वती को इसी कथा सुनाने की जानकारी दी। राजा दक्ष को प्रजापति की उपाधि प्राप्त हो जाने पर अभिमान होने के कारण ब्रह्मा , विष्णु महेश यानी स्वयं महादेव को दामाद के द्वारा यथोचित सम्मान नहीं दिए जाने पर क्रोध प्रकट करने से यज्ञ विध्वंस होने की स्थिति को स्पष्ट किया। मनुष्य शरीर की नश्वरता को स्पष्ट करते हुए अपने कर्म के साथ हरि भजन करने को उत्तम भक्ति बताया।

भगवान शिव द्वारा सीताहरण के दौरान श्री राम को सच्चिदानंद का संबोधन कर प्रणाम करने पर माता पार्वती द्वारा शंका किए जाने की कथा को विस्तार से बताते हुए कहा कि किसी दूसरे रुप धारण करने से स्वयं का नुकसान होता है।

